alloy required for springs, cutlery, razor blades, surgery knives etc., different types of instruments and the spares and instruments required for aeroplanes, motor cars and factories is being met by the HSL Plants and the types of metals *viz.* iron, steel and alloy imported from abroad ?

THE MINISTER OF STEEL, MINES AND METALS (DR. CHANNA REDDY) : (a) At 1 million ingot tonnes stage, Rourkela Steel Plant was designed to produce heavy plates, hot rolled strips/sheets narrow plates ; cold rolled strips/sheets ; tinplates and pipes. After the expansion of the Plant to 1·8 million ingot tonnes is complete, the Plant will also produce galvanised sheets and electrical steel sheets. Provisions for the manufacture of girders, flats, angles, rails, rods, etc., have been made at Durgapur and Bhilai Steel Plants. The product-mix of these Plants had been settled at the stage of planning the Plants after taking into consideration the demand estimates for the various categories of steel and the best way of manufacturing them. The product-mix of the expansion was decided after taking into consideration again the demand estimates for the various categories of steel and the inbuilt capacity of the various productive units at Rourkela Steel Plant at its initial capacity. The product-mix of a plant settled at the stage of planning or its expansion cannot normally be changed without altering the basic concept of the plant itself.

(b) and (c). Informatoin is being collected and will be placed on the Table of the House.

**कल्याण रेलवे स्टेशन को नया रूप दिया जाना**

1705. **श्री बसवन्त** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि मध्य रेलवे के कल्याण रेलवे स्टेशन को जिसके लिये 1965-66 के रेलवे बजट में 11 लाख रुपये को व्यवस्था की गई थी कब तक नया रूप दिये जाने की सम्भावना है ?

**रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा)** : सम्भवत: माननोय सदस्य का आशय "उप-नगरोय गाड़ियों के लिए एक अतिरिक्त प्लेटफार्म की व्यवस्था और फेर-बदल के अन्य छोटे-मोटे कामों" से है जिनका उल्लेख 1965-66 के बजट में किया गया था और जिसकी अनुमानित लागत 12.82 लाख रुपये है। 1965-66 में इस काम के लिए केवल 5 लाख रुपये नियत हुए थे। काम हो रहा है और आशा है कि यह 1968 के अन्त तक पूरा हो जायेगा।

**किरकी और शिवाजी नगर (मध्य रेलवे) के बीच दुर्घटना**

1706. **श्री बसवन्त** : क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 23 अक्टूबर 1967 को मध्य रेलवे के बम्बई डिवीजन के शिवाजीनगर और किरकी स्टेशनों के बीच एक दुर्घटना हुई थी ;

(ख) क्या यह भी सच है कि दुर्घटना कारखाने में काम करने वाले लोगों में फैले असंतोष और पास रखने वाले लोगों द्वारा गाड़ियों के असामान्य विलम्ब से चलने संबंधी शिकायतों के प्रति उपेक्षा की नीति अपनाये जाने के कारण हुई है ; और

(ग) यहां हां तो इस दिशा में रेलवे प्रशासन द्वारा क्या प्रतिकारात्मक कार्यवाई की गई है ?

**रेलवे मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा)** : (क) और (ख). कोई दुर्घटना नहीं हुई परन्तु 23-10-1967 को टी-2 पूना-तलेगांव स्थानीय गाड़ी को शिवाजीनगर स्टेशन पर, सिगनल की खराबी के कारण, लगभग 30 मिनट रोकना पड़ा। जाहिर है इस से गाड़ी के कुछ यात्री क्रोधित हो उठे और उन्होंने लगभग 100 मिनट तक और गाड़ी को चलने नहीं दिया। बाद में यात्रियों ने पटरी पर रुकावटें खड़ी कर दीं और 310 अप पूना-बम्बई जनता एक्सप्रेस गाड़ी पर तथा स्टेशन की इमारत पर पथराव किया जिसके कारण 3 व्यक्ति घायल हो गये और सवारी-डिब्बों तथा स्टेशन को इमारत को कुछ क्षति पहुंची।

(ग) पूना-तलेगांव स्थानीय गाड़ी तथा दूसरी उपनगरी गाड़ियों के परिचालन पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है और इस बात को सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि ये गाड़ियां अपने समय से चलें।

### CORPORATION FOR EXPORT OF GOODS PRODUCED BY SMALL-SCALE INDUSTRIES

1707. SHRIMATI JYOTSNA CHANDA: Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether Government propose to set up a separate corporation to canalise the export of goods produced by the small-scale industries ; and

(b) if so, the details thereof ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F. A. AHMED) : (a) No such proposal is under consideration.

(b) Does not arise.

### अंगोरा ऊन का आयात

1708. श्री यशवन्त सिंह कुशवाह : क्या वाणिज्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में अंगोरा ऊन का आयात बन्द करने का निर्णय किया गया है ;

(ख) यदि हां तो इससे प्रति वर्ष विदेशी मुद्रा की कितनी बचत होगी ; और

(ग) अंगोरा ऊन के उत्पादन के लिये कहां कहां पर केन्द्र स्थापित करने का विचार है और इस योजना का ब्यौरा क्या है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) और (ख). मामला विचाराधीन है।

(ग) अंगोरा की ऊन के उत्पादन का इस समय केवल एक ही केन्द्र है जिसका नाम अन्तर्राष्ट्रीय अंगोरा प्रजनन फार्म, कुलू (हिमाचल प्रदेश) है।

### रेलवे पार्सल कार्यालय, वाराणसी

1709. श्री यशवन्त सिंह कुशवाह : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अगस्त 1967 में रेलवे पार्सल कार्यालय वाराणसी से लगभग डेढ़ लाख रुपये के मूल्य की औषधियों की पेटियां किसी अनधिकृत व्यक्ति ने छुड़ा ली थीं ;

(ख) यदि हां तो क्या सरकार ने इस मामले की जांच की है ; और

(ग) यदि हां तो उसका ब्योरा क्या है ?

रेलवे मन्त्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (ग). सूचना मंगायी जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

### दुर्गापुर इस्पात कारखाने को घाटा

1710. श्री रामावतार शास्त्री :
श्री क० लकप्पा :

क्या इस्पात, खान तथा धातु मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अधिकारियों द्वारा दुर्विनियोग के कारण दुर्गापुर इस्पात कारखाने को 54 करोड़ रुपया का घाटा हुआ है ;

(ख) क्या कुप्रबन्ध के कारण कारखाना बन्द होने की स्थिति में पहुंच गया है ;

(ग) क्या दुर्विनियोग तथा अन्य गबन के मामलों की जांच करने के लिये गठित की गई सुकु सेन समिति ने इस बीच सरकार को अपना प्रतिवेदन दे दिया है ; और

(घ) यदि हां तो प्रतिवेदन की मुख्य बातें क्या हैं तथा कारखाने को मुनाफे पर चलाने के लिये सरकार के प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है तथा इन प्रस्तावों के कब तक क्रियान्वित किये जाने की संभावना है ?

इस्पात, खान तथा धातु मंत्री (डा० चन्ना रेड्डी) : (क) और (ख). जी, नहीं।

(ग) और (घ). ऐसी कोई समिति नियुक्त नहीं की गई थी।